हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर



06 44 डिग्री की तपिश में उबल पड़ा अन्नदाताः खरीदी...





07 उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80...




**खबर संक्षेप**

### महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए, प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक सीएलसी चरण सम्मिलित रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल ऐप (ePravesh) एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि इस सत्र से विद्यार्थी आज से ही ePravesh ऐप के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ कर सकते हैं, जबकि विकल्प चयन 1 मई से प्रारंभ होगा। विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को अधिक सुलभ बनाने के लिए, पंजीयन शुल्क NCTE एवं परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए ₹100 निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोर्टल शुल्क पूर्णतः समाप्त रहेगा। प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा द्वितीय चरण से पंजीयन शुल्क 150 निर्धारित किया गया है।

### गेहूं उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का आलम, किसान परेशान

# ओटीपी डालते ही साइड हो रही क्रैश, सर्वर ठप, बिलिंग रुकी

**वेयर हाउस हो चुके फुल, 8 से 10 बजे तक बिल के लिए जूझ रहे कर्मचारी, चिलचिलाती धूप में कतार में लगे रहते हैं किसान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के गेहूं उपार्जन केंद्रों पर सर्वर और साइट में खराबी के चलते किसानों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेयरहाउस फुल हो चुके हैं, लेकिन बिलिंग सर्वर डाउन होने से गेहूं का परिवहन नहीं हो पा रहा। वहीं पुराने बिल भी नहीं बन पा रहे, जिससे केंद्रों पर ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गई हैं।

**साइट की धीमी गति बनी मुसीबतः** खरीदी केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक सिस्टम के सामने बैठे रहते हैं, लेकिन साइट नहीं चल रही।

ओटीपी लेकर डालो, इतनी देर में साइट बाहर कर देती है। रात को किसान कॉल भी नहीं उठाते, जैसे-तैसे ओटीपी लिया तो साइट क्रैश हो जाती है," एक ऑपरेटर ने बताया। बिल की संख्या घटने के बजाय लगातार बढ़ रही है।



**वेयरहाउस फुल, परिवहन ठप**

कई केंद्रों पर वेयरहाउस की क्षमता पूरी हो चुकी है। बिलिंग न होने से वहां रखा गेहूं मिलों तक नहीं भेजा जा रहा। जगह खाली न होने से नई आवक भी रुक गई है। किसान 2-2 दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ केंद्र के बाहर चिलचिलाती धूप में खड़े हैं। क्षमता बढ़ाने की पहल, पर स्वीकृति अटकीः जिला प्रशासन द्वारा गोडाउन की क्षमता बढ़वाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन शीर्ष स्तर से अब तक स्वीकृति नहीं मिली। इससे हालात और बिगड़ रहे हैं। बेमौसम बारिश की आशंका के चलते किसान डरे हुए हैं। खुले में खड़ा गेहूं भीग गया तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा।

फिलहाल जिला आपूर्ति अधिकारी रेशमा भामौर का कहना है कि तकनीकी समस्या को भोपाल स्तर पर भेजा गया है। जल्द ही साइट की दिक्कत दूर कर खरीदी में तेजी लाई जाएगी।

**किसानों ने की शासन से मांग**

- बिलिंग साइट और सर्वर में तुरंत सुधार कराया जाए ताकि पुराने बिल समय पर बन सकें।
- वेयरहाउस से परिवहन तेज किया जाए जिससे जगह खाली हो।
- गोडाउन क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति जल्द दी जाए।
- ओटीपी की समय-सीमा बढ़ाई जाए या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## गाय को बचाने में बस पेड़ से टकराई, हेल्पर की हुई मौत



**कोठरी।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। आष्टा के पास पार्वती थाना क्षेत्र में अहमदाबाद से भोपाल जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। इस टक्कर में बस के हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार सभी 30 यात्री बाल-बाल बच गए।

पार्वती थाना पुलिस के अनुसार हादसा सुबह लगभग 8 बजे कचनारिया जोड़ के पास हुआ। वर्मा ट्रेवल्स की बस (अहमदाबाद से भोपाल मार्ग) जब आष्टा से करीब 10 किलोमीटर दूर थी, तभी अचानक सडक़ पर एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, जिससे बस का टायर फट गया और वाहन बेकाबू होकर सीधे पेड़ से जा भिड़ा।

**केबिन काटकर निकाला गया शव**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस के हेल्पर सुनील मुकाती निवासी पोलाई कला शाजापुर की केबिन में फंसने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पार्वती थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कटर की मदद से केबिन काटकर बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए आष्टा सिविल अस्पताल भेजा गया।

**सामने मौत दिख रही थी**

बस चालक रामचंद्र पटेल ने बताया कि गाय के अचानक सामने आने से कुछ पल के लिए कुछ समझ नहीं आया। ब्रेक मारते ही टायर फट गया और बस पेड़ में जा घुसी। चालक ने भावुक होते हुए कहा उस वक्त सामने साक्षात मौत दिखाई दे रही थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## दल बदल राजनीति लोकतंत्र के लिए घातकः दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और दलबदल की राजनीति पर करारा हमला बोला है। सीहोर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी छोडक़र भाजपा का दामन थामने वाले सांसदों को आड़े हाथों लिया और उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ी टिप्पणी की।

दिग्विजय सिंह ने विशेष रूप से उन सांसदों पर निशाना साधा जो अपनी मूल पार्टी के साथ गद्दारी कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर और निजी हितों के लिए भाजपा में गए हैं, उनका सत्यानाश हो जाएगा। सिंह ने कहा कि जनता ऐसे अवसरवादी नेताओं को कभी माफ नहीं करती



और दलबदल की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए घातक है।

**महिला आरक्षण पर केंद्र को घेरा**

महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीयत कभी साफ नहीं रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर देश से लगातार झूठ बोला जा रहा है। सिंह ने कहा यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो परिसीमन और जनगणना जैसे बहाने क्यों बनाए जा रहे हैं। इसे भविष्य के बजाय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

**यूपी चुनाव से ही लागू हो आरक्षण**

दिग्विजय सिंह ने सुझाव दिया कि यदि सरकार की मंशा नेक है तो आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ही महिला आरक्षण की शुरुआत कर देनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भी आरक्षण लागू करना पूरी तरह संभव है, लेकिन सरकार केवल श्रेय लेने और समय टालने की राजनीति कर रही है। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे ऑपरेशन लोटस के आरोपों को हवा देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

## 45 आवेदनों पर हुई सुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे ट्रैक के पास धधकी नरवाई की लगाई आग से रेल दुर्घटनाओं का मंडराया खतरा

**स्टेशन से महज आधा किलो मीटर दूर तक खेत में घंटों उठती रहीं लपटें**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा नरवाई जलाने पर लगाए गए सख्त प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोग अपनी लापरवाही से बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। ताजा मामला सीहोर रेलवे स्टेशन से महज आधा किलोमीटर दूर उज्जैन की तरफ जाने वाले रेलवे ट्रैक का है, जहां रेलवे पटरी से मात्र 100 फीट की दूरी पर एक खेत में नरवाई जला दी गई। घंटों तक उठती आग की लपटों ने न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रेल यातायात के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया।

हैरत की बात यह है कि जिस वक्त खेत की नरवाई में आग लगाई गई, वह करीब 3 से 4 घंटे तक धधकती रही। इस दौरान रेलवे ट्रैक से कई यात्री और मालगाडिय़ां गुजरीं। आग की लपटें और उड़ती चिंगारियां किसी भी बड़ी ट्रेन दुर्घटना का कारण बन सकती थीं। जहां आसपास के किसानों ने समझदारी दिखाते हुए खेतों में रोटरवेटर चलाकर नरवाई का निपटारा किया है, वहीं इस विशेष खेत के मालिक ने नियमों को ताक पर रखकर आग लगा दी, जिससे पूरा खेत अब काला नजर आ रहा है।

**नरवाई जलाने के घातक परिणाम**

मिट्टी की उर्वरता का नाशः आग लगने से जमीन के भीतर मौजूद मित्र कीट और सूक्ष्म जीव मर जाते हैं, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है।
भारी आर्थिक नुकसानः आग फैलने पर ट्रैक्टर, पंप हाउस और पास में रखी फसलें जलकर राख हो जाती हैं।
स्वास्थ्य को नुकसानः जहरीला धुआं सांस की बीमारियां पैदा करता है और पर्यावरण को प्रदूषित करता है।
आगजनी का खतराः गर्मी और तेज हवाओं के कारण छोटी सी चिंगारी विकराल आग का रूप ले लेती है, जो बस्तियों तक पहुंच सकती है।

**शेखपुरा की घटना से भी नहीं लिया सबक**

प्रशासन की सख्ती के पीछे ठोस कारण हैं, जिसकी एक बानगी सोमवार को ही शेखपुरा गांव में देखने को मिली। वहां एक किसान मांगीलाल के खेत में अचानक लगी आग ने विकराल रूप ले लिया था। इस हादसे में किसान के दो ट्रैक्टर, एक जनरेटर, कृषि उपकरण और भारी मात्रा में भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान को करीब 25 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। यदि समय रहते फायर ब्रिगेड और ग्रामीण सक्रिय न होते तो आग पास की बस्ती तक पहुंच सकती थी।

**नरवाई जलाने पर कड़े दंड का प्रावधान :** बता दें कलेक्टर ने नरवाई जलाने को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर 2500 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने ऐसे किसानों के स्लॉट बुक (उपज बेचने की प्रक्रिया) करने पर भी रोक लगा दी है। बावजूद इसके चोरी-छिपे आग लगाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

## कायाकल्प योजना के तहत किया जा रहा 91 लाख की लागत से मार्केट की सड़कों का डामरीकरण

**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित मार्केट में कायाकल्प योजना के अंतर्गत 91 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के वार्ड क्रमांक 28 के गांधी रोड पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात्रि को भी शहर में नगर पालिका के अमले के द्वारा सफाई कार्य किया जाता है। नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि शहर के छावनी स्थित मार्केट में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अब तक करीब चार लाइन में डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के व्यस्ततम मार्केट में कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे, गांधी रोड, खजांची लाइन, बड़ा बाजार, मुकेरी लाइन और लोहर गली आदि में कार्य जारी है। बारिश से पहले मार्केट में डामरीकरण कार्य पूर्ण होना है।



**अस्पतालों में बनी हीट स्ट्रोक यूनिट, अंचल में लगातार बढ़ रहे मरीज**

# सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर पिघला डामर, जिले में तापमान पहुंचा 44.5 डिग्री सेल्सियस पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में भीषण गर्मी और राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मंगलवार को तेज गर्मी के चलते सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर सड़क का डामर पिघलना शुरू हो गया है। अप्रैल महीने में पिछले दो दिनों से पारा 44 डिग्री के पार बना हुआ है, जिसने गर्मी के कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

लू और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए जिले के सभी अस्पतालों में 'हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट' और ओआरएस कॉर्नर स्थापित कर दिए हैं।

**मई 2024 के बाद अप्रैल में टूटा गर्मी का रिकॉर्ड**

जिले में इस साल अप्रैल माह में ही गर्मी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले 23 मई 2024 को सीहोर शहर का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन अप्रैल के महीने में ऐसी भीषण गर्मी पहले कभी रिकॉर्ड नहीं की गई। तेज धूप के कारण दोपहर के समय शहर की अधिकांश सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं। लोग केवल बहुत जरूरी काम होने पर ही खुद को कपड़े से ढककर घरों से बाहर निकल रहे हैं।



**सीएमएचओ ने दिए सतत निगरानी और उपचार के निर्देश**

बढ़ते तापमान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने अलर्ट जारी किया है। उन्होंने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी और उपचार के निर्देश दिए हैं। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए अस्पतालों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा है।

**अस्पतालों में ठंडे पानी, पंखे और ओआरएस कॉर्नर की व्यवस्था**

स्वास्थ्य संस्थाओं को आने वाले मरीजों में लू के लक्षणों की तुरंत जांच करने और उचित प्रबंधन के निर्देश दिए गए हैं। वार्डों में मरीजों के लिए ठंडे पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, तेज धूप में ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण है, जिससे शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है। गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं और ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होना ही जिले के समग्र विकास का आधार : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विकासखण्डवार स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन बेहतर और प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि प्रत्येक बीमार व्यक्ति को समय पर और समुचित इलाज मिल सके।

कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी गर्भवती महिला या शिशु की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक होती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं तथा समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं की प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव धरातल पर भी स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि मां और बच्चे के पोषण में किसी प्रकार की कमी न हो। इसके लिए आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच करें तथा उनका निरंतर फॉलोअप सुनिश्चित करें। यदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या या गिरावट दिखाई दे, तो तत्काल को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाया जाए।




कलेक्टर बालागुरू के. ने फील्ड अमले को भी सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से गांवों का भ्रमण करें और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार लाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में संचालित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, टीकाकरण, पोषण आहार एवं संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### प्रगणक व पर्यवेक्षकों को वितरित की गई सामग्री

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ होगा जो 30 मई 2026 तक चलेगा। आष्टा में जनगणना कार्य के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सामग्री वितरित की गईं।
उल्लेखनीय है कि जनगणना कार्य के लिए सभी प्रगणकों, पर्यवेक्षकों और संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### फार्मर आईडी बनवाने की कलेक्टर ने किसानों से की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को शिविर लगाकर जिले के शत प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कम प्रगति वाले पटवारियों के ग्रामों में कार्य समाप्ति तक नियमित रूप से शिविर आयोजित किये जाए और शिविर की जानकारी कार्यालय को भेजी जाए। शिविर लगाने से पहले किसानों को शिविर की सूचना दी जाए। उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे आयोजित किये जा रहे शिविरों की सतत जांच एवं निरीक्षण करें और जिन पटवारियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करें।

### इजी. रमाकांत पिप्पल 30 अप्रैल को करेंगे संगठन समीक्षा



**सीहोर।** जिले में लगातार बढ़ रहे बहुजन समाज पार्टी के जनाधार और पार्टी को और अधिक मजबूती देने के लिए 30 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल पार्टी संगठन की समीक्षा करेंगे बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध में जानकारी देते हुए बताया कि 30 अप्रैल 2026 सुबह 11:00 बजे बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी बस स्टैंड स्थित श्री कृष्णा पैलेस अरोरा पेट्रोल पंप के पास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत बनाने संगठन की समीक्षा करेंगे , कार्यक्रम में विशेष तिथि के रूप में एडवोकेट कमलेश कुमार जॉन प्रभारी बसपा सागर रहेंगे एवं बसपा जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और सीहोर इछावर बुधनी आष्टा विधानसभाओं के विधानसभा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### समाधान नहीं तो भोपाल में चक्काजाम सहित बड़े आंदोलन की चेतावनी

# 44 डिग्री की तपिश में उबल पड़ा अन्नदाता: खरीदी अव्यवस्था पर सड़क जाम, अल्टीमेटम भी दिया

### हल और तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे किसान, स्लॉट सिस्टम फेल, बारदान संकट और मूंग खरीदी की घोषणा में हो रही देरी पर घेरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





भीषण गर्मी और 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच मंगलवार को भैरूंदा की सड़कों पर किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आया। "किसान स्वराज संगठन" के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी से बाइक रैली निकालते हुए दुर्गा चौक पर बीच सड़क कुछ समय के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रशासन को सीधी चेतावनी दी। हाथों में हल और तख्तियां लिए किसान तपती दोपहर में जमीन पर बैठ गए और खरीदी व्यवस्था की खामियों को लेकर जमकर नारेबाजी की। जहां आमजन गर्मी से बचने घरों में दुबका रहा, वहीं अन्नदाता अपने हक की लड़ाई के लिए सड़क पर डटा रहा।

प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में कथित अनियमितताएं रहीं। किसानों ने आरोप लगाया कि स्लॉट बुकिंग प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कई किसान रातभर मोबाइल और कंप्यूटर के सामने बैठे रहते हैं, लेकिन उन्हें स्लॉट नहीं मिल पा रहा। वहीं दूसरी ओर बिना स्लॉट खरीदी के आरोपों ने व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि सीमित खरीदी क्षमता, केंद्रों पर अव्यवस्था और बारदानों की भारी कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। छोटे और सीमांत किसानों के साथ भेदभाव के आरोप भी सामने आए हैं। मूंग फसल को लेकर भी किसानों में गहरी नाराजगी देखने को मिली। किसानों का कहना है कि मूंग की



फसल कुछ दिनों में पककर तैयार हो जाएगी। बावजूद सरकार ने अब तक समर्थन मूल्य पर खरीदी की कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है और न ही पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे किसानों के सामने अपनी उपज बेचने का संकट खड़ा हो गया है। किसान स्वराज संगठन ने मांग की कि सरकार तत्काल मूंग खरीदी की घोषणा कर पंजीयन प्रक्रिया शुरू करे, ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में गोपालपुर क्षेत्र की नर्मदा उद्वहन सिंचाई परियोजना को शीघ्र चालू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसानों का कहना है कि यह परियोजना शुरू होने से सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी और खेती की लागत में कमी आएगी।

इसके साथ ही राला पारदीपुरा में प्रस्तावित नई कृषि उपज मंडी के निर्माण कार्य में तेजी लाने और अतिक्रमण हटाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई।

हालांकि, किसानों ने प्रशासन की आश्वासन पर सख्त रुख बनाए रखा है। किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भोपाल की सड़कों पर चक्काजाम सहित बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र जाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु डोड, जिला अध्यक्ष भगवान सिंह यदुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष हरिसिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

#### धरना के बाद सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं खरीदी व्यवस्था में सुधार, स्लॉट सिस्टम में पारदर्शिता, बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता, मूंग खरीदी की तत्काल घोषणा और सिंचाई परियोजना व मंडी निर्माण में तेजी लाने की मांग की गई। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा और संबंधित वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# बुधनी में कांग्रेस की किसान आक्रोश रैली: समर्थन मूल्य और अव्यवस्थाओं पर सरकार को घेरा

### 7 मई को आगरा-बॉम्बे रोड पर चक्का जाम का ऐलान, जीतू पटवारी बोले- किसान विरोधी है सरकार




**बुधनी।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बुधनी में किसान आक्रोश रैली निकाली। महाराणा प्रताप चौराहे पर आयोजित रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। रैली के दौरान 7 मई को आगरा-बॉम्बे रोड पर शांतिपूर्ण चक्का जाम का ऐलान किया गया।

रैली में बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। धर्मेंद्र चौहान ने कहा, *"किसान आज आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

**जीतू पटवारी ने सरकार पर साधा निशाना:** रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। समर्थन मूल्य पर खरीदी में भी कई समस्याएं आ रही हैं। वेयरहाउस फुल हैं, सर्वर ठप है, किसान धूप में परेशान है।"

#### 7 मई को चक्का जाम का ऐलान

जीतू पटवारी ने मंच से बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए 7 मई को आगरा-बॉम्बे रोड पर कांग्रेस द्वारा शांतिपूर्ण चक्का जाम किया जाएगा।

रैली में पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, सचिन यादव, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, सुखदेव पांसे, रीना बोरासी, राजकुमार पटेल और राजीव गुजराती, बुधनी ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सोनू राजपूत सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार को किसान मुद्दों पर घेरा।

ज्ञापन सौंपा, नारेबाजी की: रैली के दौरान किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इस रैली ने बुधनी सहित पूरे सीहोर जिले की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी, सर्वर की दिक्कत और वेयरहाउस की अव्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाया जाएगा।

### कक्षा 5वीं, 8वीं की पुन:परीक्षा 1 जून से

**सीहोर।** शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा होगी। यह परीक्षा 1 से 6 जून 2026 के बीच होगी। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल **www.rskmp.in** के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। पुनः परीक्षा के लिए शाला प्रमुख/जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी/बी.आर.सी.सी., डी.पी.सी. के लॉगिन अंतर्गत परीक्षा पोर्टल से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा रहेगी। सभी बी.आर.सी.सी. को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों को संबंधित शाला के प्रधान पाठक के माध्यम से 25 मई तक प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाएं।

# धर्म और शर्म दोनों ही सनातन धर्म की पुंजी है: पं.मोहितराम




**सीहोर।** आज के इस युग में दो चीजों को ज्यादा नुकसान हुआ है एक तो रहा धर्म और दूसरी शर्म , इस कली काल में आज का मानव सबसे ज्यादा धर्म को नुकसान पहुंचा रहा है दूसरा धन के चक्कर में शर्म कही खो गई है और जब तक धर्म है शर्म है तब तक सनातन सुरक्षित है। सनातन धर्म के बिना मानव जीवन की कल्पना भी करना गलत है आज मानव को अपने धन का दसवां भाग धर्म में लगाना चाहिए आपका धन भी शुद्ध होगा और जिससे धर्म की रक्षा हो सके,उक्त उद्गार ग्राम बड़ी कुलास वर्मा कृषि फार्म पर धर्म रक्षक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबाजी के सानिध्य में चल रहे शिव परिवा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ एवं श्री नर्मदेश्वर शिव महापुराण कथा के दौरान कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितराम पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त करें। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि धन का संग्रह तो सब कर रहे हैं करना भी चाहिए किंतु धन के साथ-साथ धर्म यदि नहीं बचा सके धर्म का संग्रह नहीं हुआ तो जीवन और मृत्यु दोनों बिगड़ जाएगी भगवान शिव ने ग्रहथ जीवन को परिवार संयोजन का रिश्ता सिखाया है। किस प्रकार हमें धर्म और शर्म के साथ परिवार को लेकर चलना है भगवान शिव के परिवार में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है सब परस्पर प्रेम से धर्म और कर्म के साथ गृहस्थी को आगे बढ़ा रहे हैं यही शिव महापुराण की कथा सिखाती है कि किस प्रकार परिवार रिश्ते नाते अपने-अपने ग्रहथ धर्म का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए और जिस पर भगवान शिव की कृपा बरसती है उसे लक्ष्मी और नारायण दोनों की प्राप्ति हो जाती है। धन के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता भगवान शिव उसके लिए कुबेर का भंडार खोल देते हैं माता लक्ष्मी ने शिव से नारायण को मांगा भगवान शिव ने लक्ष्मी और नारायण दोनों को एक कर दिया। हम विश्व की कथा पूजन करेंगे तो लक्ष्मी नारायण की कृपा शिव कृपा के साथ हमें भी प्राप्त होगी, आज चतुर्दशी की कथा में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा कथा एवं यज्ञ आयोजन कर्ता समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी एवं वर्मा परिवार ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा एवं यज्ञ में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

### कुबेरेश्वरधाम पहुंचे फ्लाइट बाबा, सादगी और दिव्यता की पहचान धाम

**सीहोर।** सफेद पोशाक, शानदार काठी, और सफेद दाढ़ी वाले चहरे पर हमेशा रहने वाली मुस्कान उनकी सादगी की पहचान, हमेशा हवाई यात्रा करने वाले फ्लाइट बाबा जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट की। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में सादगी के साथ फ्लाइट बाबा का स्वागत किया। इस मौके पर चर्चा करते हुए कहाकि कुबेरेश्वरधाम देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। उन्होंने कहाकि हमारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने इस कलियुग को अपनी कथाओं के बल से संदेश देकर शिवयुग में बदल दिया है। धाम पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कथाओं के बल से जब मनुष्य के भीतर से अहंकार, द्वेष और अज्ञानता कलयुग के लक्षण मिट जाते हैं, और वहां प्रेम, ज्ञान और करुणा का संचार होता है, तब ही सही मायनों में शिवयुग का उदय होता है। यह एक आंतरिक परिवर्तन है जो समाज को जागरूक और रचनात्मक बनाता है।

### अनाज व बर्तन बेचकर शराब का सेवन कर रहे हैं पुरुष

# जुए, सट्टा व शराब बिक्री के विरोध में महिलाओं ने नारेबाजी कर अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





तहसील क्षेत्र के गांव नादान की महिलाएं बड़ी संख्या में मंगलवार को इछावर विकासखण्ड मुख्यालय पहुंची । इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में महिलाओं ने गांव में चल रहें जुएं - सट्टा और शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी ही उनकी मांगे नहीं मानी तो उन्हें सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। आदीवासी बाहुल्य गांव नादान की महिलाएं बड़ी संख्या में मंगलवार को विकासखण्ड मुख्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में एसडीएम एवं पुलिस थाने में प्रभारी को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान महिलाओं ने मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि गांव के बीचों - बीच देशी मदिरा की दुकान संचालित हो रही है। साथ ही गांव में कई जगह खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। इसके चलते यहां सुबह से देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। यह लोग गाली - गलौज करने के साथ ही लड़ाई झगडे करते रहते है। इसके चलते अराजकता का माहौल बना हुआ है। भय का आलम यह है कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो का घरों से निकलना दुभर हो रहा है। इतना ही नहीं जगह - जगह खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री होने के कारण युवाओं के साथ ही बच्चें भी शराब के आदी हो रहें।

#### शराब खरीदने के लिए बेच रहें है घर का राशन और बर्तन

अधिकारियों को महिलाओं ने आपबीती बताते हुए कहा कि घर के पुरुष शराब के आदी हो गए हैं। वह सुबह से देर रात तक शराब के नशे में धुत रहते है। शराब खरीदने के लिए वह घर में रखा आंटा, दाल और बर्तन आदि सामान बेचने में भी गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं वह नशें में आएं दिन महिला और बच्चों के साथ मारपीट भी करते हैं। उनकी इस नशें की आदत के कारण न सिर्फ परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि घरेलू हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है।

#### चौराहों पर खुलेआम खेला जाता है जुआं

सट्टा - महिलाओं का कहना है कि सड़क किनारे स्थित दुकानों, चौराहों पर माफियाओं द्वारा खुलेआम जुआं - सट्टा खिलाया जाता है। दिन रात यहां सटोरियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे गांव में आपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। साथ ही गांव में भय का माहौल है। यह असमाजिक तत्व स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशान करने के साथ ही महिलाओं को इनकी छींटाकशी के सामान करना पड़ता है। ज्ञापन में महिलाओं ने गांव में शराब का निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के अलावा जुआं सट्टा बंद कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 5 दिन में उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह सीहोर - कोसमी स्टेंट हाइवे पर धरना प्रदर्शन कर उस पर चक्का जाम कर देंगी। ज्ञापन देने वाली महिलाओं में प्रमुख रूप से रानी , सुनीता , कांता , रिहाना , अनीता , ममता , मनती बाई , सुगन आदि के नाम शामिल है।

# मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन




**सीहोर।** आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर ने कक्षा एक से 11 वीं के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए एक भव्य पुरस्कार समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईईएस के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया, और उन्हें नकद पुरस्कार, छात्रवृत्तियाँ और ट्रॉफियाँ देकर सम्मानित किया गया जिसका आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया। समारोह का शुभारंभ डॉ. बालागुरु के, (आईएएस) कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट, सीहोर मुख्य अतिथि, एवं प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, चेयरपर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। तदुपरान्त आईईएस के छात्रो द्वारा गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। डॉ. बालागुरु के ने माता-पिता को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को उनकी रुचियों के आधार पर करियर चुनने में हमेशा प्रेरित करें और उनका समर्थन करें वही विद्यार्थियों को राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया और उनका मार्गदर्शन किया। समारोह में अंत में सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप डाइरेक्टर प्रोफ मनीषा क्वाथेकर ने सभी आतिथिओ एवं छात्रो के पालको का आभार व्यक्त किया जिन्होंने गर्व के साथ अपने बच्चों को सम्मान प्राप्त करते देखा। उन्होंने छात्रो की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

## दो अज्ञात युवकों ने मक्सी और शाजापुर के बीच दिया वारदात को अंजाम

# उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80 लाख के जेवरात चोरी

### राजगढ़ स्थित अपने पीहर शादी में आ रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीना-नागदा ट्रेन में उज्जैन से ब्यावरा के लिए बैठी एक महिला का बैग काटकर अज्ञात युवकों द्वारा करीब 80 लाख के जेवरात चुरा लिए गए। पीड़ित महिला राजगढ़ स्थित अपने मायके में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने आ रही थी और इस दरमियान यह घटना हो गई। राजगढ़ आने के बाद जब महिला ने अपना बैग खोला तब इस बड़ी चोरी के बारे में जानकारी लग पाई। पीड़िता महिला अपने परिजनों के साथ ब्यावरा जीआरपी थाने पहुंची और पूरी आपबीती बताई। रविवार देर रात्रि तक ब्यावरा जीआरपी द्वारा इस बारे में मामला पंजीबद्ध किए जाने की कार्यवाही जारी थी।



#### उज्जैन से ट्रेन में बैठी थी महिला

जानकारी के अनुसार राजगढ़ के वार्ड-4 के पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया की बहन राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाबाखल जिला उज्जैन शनिवार को बीना-नागदा ट्रेन में सवार होकर राजगढ़ आ रही थीं। महिला राजकुमारी के साथ उनकी बड़ी बहन आशा और बच्चे साथ थे। इनके पास तीन बड़े-बड़े बैग भी थे। रिजर्वेशन नहीं होने से तीनों जनरल कोच में बैठ गए। इस दौरान मक्सी के पास से दो लड़के भी इनके सामने की सीट पर आकर बैठ गए। दोनों लड़के इतने शातिर थे कि उन्होंने महिलाओं को जरा भी भनक नहीं लगने दी कि वे किस मंशा के साथ ट्रेन में चढ़े हैं।

#### राजगढ़ घर आने पर मालूम हुई चोरी की बात

पीड़िता महिला राजकुमारी, उनकी बहन राजगढ़ आ गए और सोमवार जब उन्होंने अपना बैग खोला तो वे अचंभित रह गईं। जिस बैग में आभूषण रखे हुए थे उसमें चाकू या किसी धारदार वस्तु से चाक लगे हुए थे और बैग में रखे सभी आभूषण गायब थे। यह देखकर राजकुमारी अचेत हो गई। बाद में परिजनों द्वारा जैसे-तैसे ढांढस देकर उन्हें चेतना में लाया गया। बाद में पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया और अन्य परिजन ब्यावरा देहात थाने पहुंचे और पूरे मामले की इत्तला दी।

#### यह जेवरात हुए हैं चोरी

पीड़िता महिला के अनुसार बैग से दो रानी हार, एक सोनी की चैन, चांदी का कमरबंद, गले के दो बड़े हार, अंगूठी, एक झुमकी सहित अन्य जेवरात चोरी हुए हैं। राजगढ़ शादी अटेंड करने के चलते वे इतने आभूषण अपने साथ ला रही थीं करीब 400 ग्राम सोने, चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं जिनकी कीमत करीब 80 लाख के आसपास बताई जा रही है। ब्यावरा जीआरपी पुलिस पूरे मामले की विवेचना में लगी हुई है।

## कार अनियंत्रित होकर टकराई, पिता पुत्र गंभीर घायल

**सारंगपुर।** इंदौर से सागर की ओर जा रहे पिता-पुत्र की कार सोमवार को नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी परेश पिता आदेश अपने पुत्र के साथ इंदौर से सागर जा रहे थे। सारंगपुर के पास पहुंचते ही अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रविवार रात का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## जालपा जी के नजदीक राजगढ़ के युवक से मारपीट कर लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रविवार रात्रि क्षेत्र के प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा के दर्शन कर वापस लौट रहे राजगढ़ के युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित युवक ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात बदमाशों पर ऋकफ दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।



#### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार शहर के पुरा क्षेत्र निवासी शुभम पिता देवेंद्र जादव रविवार रात्रि अपनी स्कूटी से जालपा माता के दर्शन करने गया हुआ था। जब शुभम वापस लौट रहा था तभी रात्रि करीब 8.45 बजे देवझिरी और केके मेमोरियल स्कूल के बीच दो अज्ञात लोगों ने उसे रोका। एक बदमाश ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ था और दूसरे की दाढ़ी बढ़ी हुई थी। शुभम ने समझा की कोई मदद के लिए रोक रहा है ऐसे में उसने अपनी स्कूटी रोक दी। स्कूटी रोकते ही दोनों अज्ञात लोग गाली-गलौज और मारपीट करने लगे और कांच के बॉटल शुभम के सिर पर मार दी। इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित युवक के पास रखे 7 हजार 500 रूपए भी छीन लिए और अपनी मोटर साइकिल से भाग निकले।


#### कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया लूट का मामला

घटना के जैसे-तैसे पीड़ित शुभम अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। सभी थाने पहुंचे और इस संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर लूट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# 8 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिवों वाली कांग्रेस की जंबोजेट कार्यकारिणी

## पार्टी जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा से की घोषणा

**राजगढ़।** पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने इंतजार के बाद रविवार रात्रि अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति उपरान्त यह कार्यकारिणी बनाई गई है। नवगठित कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, 12 महासचिव एवं 15 सचिव नियुक्त किए गए हैं। नवगठित कार्यकारिणी में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी राधेश्याम सौम्यतिया को सौंपी गई है वहीं विष्णु प्रसाद करोडिया कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिन आठ पदाधिकारियों को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है उनमें देवीसिंह दांगी खिलचीपुर, एडवोकेट आफताब अहमद खान ब्यावरा, राजेश रातलिया नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा राजगढ़, चैनसिंह गुर्जर ब्यावरा, महेंद्र यादव ब्यावरा, लीलाबाई ठेकेदार राजगढ़ व रचना भार्गव ब्यावरा शामिल हैं।



### इन 15 कार्यकर्ताओं को सौंपा गया जिला महासचिव का दायित्व

नवीन कार्यकारिणी में जो 15 महासचिव बनाए गए हैं उनमें विश्वनाथ दांगी ब्यावरा, समीर खान सारंगपुर, अशोक वर्मा राजगढ़, राजेंद्र सिंह आमलाबे खिलचीपुर, घनश्याम राजपूत नरसिंहगढ़, लक्की दांगी(अंकित) ब्यावरा, हेमेंद्र सिंह चौहान सारंगपुर, रविंद्र मीणा नरसिंहगढ़, वीरेंद्र गुर्जर नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह जाट सारंगपुर, पांचू लाल मालवीय खिलचीपुर, मोतीलाल लोधा ब्यावरा, हरिसिंह तंवर सारंगपुर, हेमेंद्र सिंह सौलंकी सारंगपुर, तरुण कुमार चौबे खिलचीपुर शामिल हैं। इसके साथ ही कमल भिलाला खिलचीपुर, नीतेश तेजरा खिलचीपुर, मुकेश मेघवाल सारंगपुर, पंकज भंडारी सारंगपुर, राहुल जाटव ब्यावरा, प्रेमसिंह गुर्जर ब्यावरा, सत्यनारायण बैरागी राजगढ़, विक्रम सिंह चौहान राजगढ़, ज्ञानसिंह मीणा नरसिंहगढ़, हरिओम यादव नरसिंहगढ़, चंदर सिंह परमार सारंगपुर, दिग्विजय सिंह लाला बना नरसिंहगढ़, जगदीश सेन ब्यावरा, वहीद शाह खिलचीपुर, पंकज भानेज खिलचीपुर, सरदार सिंह सरावत ब्यावरा, राजेंद्र यादव राजगढ़, सुनील नागर सारंगपुर, लोकेश दुबे राजगढ़, ओमप्रकाश जाटव नरसिंहगढ़ को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही देवेंद्र पाराशर सारंगपुर एवं एहतेशाम हसन सिद्दीकी राजगढ़ को जिला प्रवक्ता बनाते हुए संतोष लोधी खिलचीपुर एवं पंडित आनंद मेहता सारंगपुर को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कुशाग्र पंचोली राजगढ़ को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

## गिरफ्तारी के अंततः 10 दिन बाद राजगढ़ सीएमएचओ स्थानांतरित

### मूल पद पर शाजापुर किया तबादला

**राजगढ़।** लैब के संचालन के लिए 50 हजार रुपयों की रिश्वत की मांग करने वाली राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को को अंततः विभाग ने मूल पद पर शाजापुर स्थानांतरित कर दिया है। लोकायुक्त द्वारा गिरफ्तार किए जाने के 10 दिन बाद यह कार्यवाही हुई है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्त द्वारा सोमवार दोपहर इस संबंध में आदेश जारी किया गया। रिश्वत कांड में फंसी सीएमएचओ के सिर्फ तबादला होने को लेकर भी आमजनों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। जिले के स्वास्थ्य विभाग की मुखिया द्वारा रिश्वत मामले में फंसने के बाद उनके सस्पेंशन की मांग की जा रही थी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार डॉ. पटेल का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने से विभाग ने सिर्फ उनका स्थानांतरण किया है। बहरहाल, अब राजगढ़ जिले का नया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कौन होगा इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। या तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोपाल से आदेश जारी कर बतौर किसी को पदस्थ किया जाएगा या जिला कलेक्टर उक्त प्रभार किसी को सौंप सकते हैं।

## गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्र व्यापी आह्वान पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**जीरापुर।** गो माता के सम्मान में राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत नगर में रैली निकालकर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गो माता की पूजा अर्चना कर रैली निकालकर कर तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से रैली प्रारंभ हुई जिसमें गौ माता एवं नन्दी को सजाकर जुलूस निकाला जो इंदर चौराहा स्वामी विवेकानंद चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा। जहां पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए गो हत्या बंद हो जैसे नारे लगाए गए। तत्पश्चात पं अनुराग शर्मा महाराज ने ज्ञापन को पढ़कर सुनाया एवं तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपकर गो माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने और गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। रैली में प्रमुख रूप से संत पं. गणेश शंकर आचार्य डग रोड़ बालाजी, दिनेश चंद्र नागर, पं. अनुराग शर्मा, कथा वाचक पं. कमल बिहारी नागर, गोविन्द शर्मा जटाशंकर आश्रम भण्ड़ावद, आचार्य रामेश्वर नागर, अर्थव तिवारी गोघटपुर, सत्यनारायण शास्त्री पिपल्या कुलमी, हरीश तिवारी सहित अन्य साधु-संतों और गौ भक्त शामिल हुए। ज्ञापन में उल्लेख किया कि गो सम्मान आह्वान अभियान के विषय में अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ। यह अभियान केवल एक संगठन का प्रयास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के संत समाज, गोभक्तों और जागरूक नागरिकों की एक सामूहिक आवाज़ है। हमारे भारत में गाय को सदियों से माता का दर्जा दिया गया है। गाय न केवल हमारी आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी कृषि, अर्थव्यवस्था और संस्कृति का भी एक मजबूत आधार रही है। लेकिन आज की स्थिति चिंताजनक है। गौवंश की संख्या घट रही है, सड़कों पर बेसहारा पशु घूम रहे हैं, और गौ तस्करी जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में गो सम्मान आह्वान अभियान का उद्देश्य है कि गौवंश को उसका उचित सम्मान और सुरक्षा मिल सके। इस अभियान की सबसे प्रमुख मांग है कि गाय को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आस्था का संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

## सवारी से भरे ऑटो में पिकअप ने पीछे से मारी टक्कर, 9 घायल



**जीरापुर।** मान्याखेड़ी पर पीकअप वाहन ने ऑटो रिक्शा वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार नौ लोगों घायल हो गए। जानकारी अनुसार सूरजपुरा लोधा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन से लौट रहे सवारी से भरे ऑटो को टेंट हाउस का सामान भरकर पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रण होकर घटनास्थल पर ही एक खेत में जाकर पलट गई। इस हादसे में 9 घायल हो गए। जिसमें से दो लोगों को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार उपरांत बाहर रैफर किया गया। जीरापुर के समीप मान्याखेड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे पर यह हादसा हुआ है।

# तीज बड़ली नरसिंहगढ़ में 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**नरसिंहगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, जिला राजगढ़ द्वारा तीज बड़ली में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 38 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस आयोजन में 7 जिलों और 2 राज्यों से आए राजपूत समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह (बैरसिया) एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ हजारों की संख्या में समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिनिधियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैरू सिंह चौहान, राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री महेंद्र सिंह तोमर, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पवार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल सिंह सिसोदिया (मध्य प्रदेश) एवं जिला अध्यक्ष किशोर सिंह (देवास) सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सफल आयोजन के लिए सम्मेलन समिति के सदस्यों को महाराणा प्रताप स्मृति चिन्ह



देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मदरूप सिंह ने किया। इस अवसर पर अशोक सिंह तोमर (ग्वालियर), शैलेंद्र सिंह (गढ़ा जागीर), कमलेंद्र सिंह सोलंकी, बालमोहन सिंह (निनोर), देवेंद्र सिंह परमार (पूरा), गोविंद सिंह मकवाना (कोषाध्यक्ष), भंवर सिंह हिकमी, डॉ. मोहन सिंह मकवाना, मनफूल सिंह (सरपंच पीपलखेड़ा), प्रणपाल सिंह राजावत (ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहगढ़), मोती सिंह चौहान, हिंदू सिंह झाला (प्रदेश उपाध्यक्ष), कमल सिंह गौड़, किशोर सिंह सोलंकी, चंद्रपाल सिंह पवार, धर्मेंद्र सिंह उमठ, दूल्हे सिंह राठौड़, निर्भय सिंह राठौड़, सोनार सिंह (कुरावर), बृजपाल सिंह (ढाबला), मोहन सिंह (बरखेड़ा डोर), लाखन सिंह हिकमी, भगवान सिंह सोलंकी, लाखन सिंह चौहान (बडबेली), सोहन सिंह, राम सिंह चौहान (बड़ोदिया तालाब), कमल सिंह (झाडला), दिलीप सिंह (रुनहा), माखन सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। यह सम्मेलन दहेज प्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सभी विवाह भारत सरकार के नियमों के अनुसार संपन्न कराए गए, जिसमें वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं वधु की 18 वर्ष सुनिश्चित की गई।

### मंडी प्रांगण में अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न 33 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**लखनवास।** ग्राम के मंडीप्रांगण में सोमवार को अहिरवार समाज के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभ मुहूर्त में 33 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद तोरण, वरमाला, पाणिग्रहण संस्कार सहित सभी वैवाहिक रस्में एक साथ संपन्न कराई गईं। आयोजन समिति द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिया गया।

# चोरों के निशाने पर सरकारी स्कूल मोटर और पंखे ले उड़े बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय घोसीपुरा (बांसखेड़ी) में चोरों ने एक बार फिर आतंक मचाया है। रविवार की छुट्टी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने स्कूल के बाथरूम और कमरों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की सामग्री पार कर दी। इस चोरी के कारण स्कूल में बच्चों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल (रविवार) को जब स्कूल बंद था, तब अज्ञात चोरों ने स्कूल परिसर में स्थित बाथरूम का ताला तोड़ दिया। बदमाश वहां से पानी की मोटर, वाटर प्यूरीफिकेशन मशीन और बिजली के कीमती तार चोरी कर ले गए। सोमवार को जब स्कूल स्टाफ पहुँचा, तो चोरी का पता चला। मोटर चोरी होने से स्कूल की टंकी खाली पड़ी है, जिससे तपती गर्मी में छात्र बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि इसी स्कूल में ठीक एक महीने पहले भी बड़ी चोरी हुई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा कैंट थाने में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, बीती 16 मार्च को भी चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर 5 पंखे और बिजली फिटिंग के तार चोरी कर लिए थे। एक महीने के भीतर एक ही सरकारी स्कूल में दो बार चोरी होना पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्कूल प्रबंधन ने इस बार भी पुलिस को लिखित शिकायत देकर मौका मुआयना करने और सामान बरामद करने की गुहार लगाई है।

# गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने सौंपा ज्ञापन

### गाय को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे गो सेवक



**राजगढ़।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत नगर के अनेकों गोसेवक सोमवार दोपहर कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन अधिकारियों को सौंपे। इन ज्ञापनों में गाय माता को राज्यमाता का दर्जा दिलाते हुए राष्ट्रमाता के दर्जे का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग रखी। इसके पूर्व सभी गोसेवक नारेबाजी करते हुए एक गाय माता को प्रतीक स्वरूप अपने साथ लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सभी ने मुख्यमंत्री के नाम के कुछ ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को पढ़कर सुनाए। अधिकारियों से यह भी मांग रखी कि सड़कों पर यहां-वहां लावारिस घूम रहे गोवंश के लिए स्थाई व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं को ज्यादा सुदृढ़ बनाया जाए ताकि बीमार गौवंश को त्वरित इलाज मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आव्हान किया गया कि गाय माता ही सकल विश्व की पालन हार हैं और आज वही अपने अस्तित्व, इलाज और देखरेख की प्रतीक्षा कर रही हैं। अनेकों निराश्रित गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। ऐसे में गाय को राज्यमाता का दर्जा देते हुए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए।

### गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सर्व हिंदू समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# गो संरक्षण के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सर्व हिन्दू समाज द्वारा गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार आकाश शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत गोमाता के संरक्षण, संवर्धन एवं गोवंश वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई। समाजजनों ने उल्लेख किया कि भारतीय संस्कृति में गोमाता का विशेष महत्व है और यह न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। ज्ञापन में संविधान का हवाला देते हुए राज्य एवं केंद्र सरकार से गो संरक्षण के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाने की मांग की गई। इसके साथ ही ज्ञापन में गो-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, गोशालाओं को सुदृढ़ करने, सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था करने तथा गो तस्करी पर कठोर कार्रवाई की भी मांग रखी गई। समाजजनों ने कहा कि वर्तमान में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है, जिससे न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है, बल्कि किसानों और आम नागरिकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गोवंश संरक्षण के लिए केंद्र में एक पृथक गो मंत्रालय की स्थापना की जाए तथा इसे संवैधानिक दायित्व के रूप में लागू किया जाए। समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार से शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें प्रशासन तक पहुंचाईं और उम्मीद जताई कि शासन-प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा। तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, धर्मजागरण प्रमुख गगन शर्मा, एबीवीपी से आदित्य शर्मा, कुमेर सिंह सोलंकी, नितेश पुष्पद, अंकित पुष्पद,कपिल पुष्पद,जितेंद्र पुष्पद, देवा पुष्पद सहित बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गो माता के सम्मान में रैली निकाल कर एसडीएम को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**खिलचीपुर।** गो माता सम्मान आह्वान अभियान 2026 के तहत सोमवार को नगर में गो भक्तों ने रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसड एम को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15000 हजार लोगों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र के चार लिफाफे सौंपे। रैली की शुरुआत भोजपुर नाके पर संत हरिनारायण वैष्णव एवं कल्याणराय मंदिर के मुखिया अनिल पारीक ने गोमाता की पूजा अर्चना आरती कर की। इस मौके पर संत हरिनारायण वैष्णव ने गोमाता के महत्व से अवगत कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गो भक्त ओर महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। रेली में गोमाता ,के साथ ही बैलगाड़ी भी शामिल थी जिसमें जनता के हस्ताक्षर युक्त पत्र के चार लिफाफे रखे थे सहित गोमाता की झांकी भी शामिल थी। रेली में शामिल लोगों ने गोमाता की जय के नारे लगाते हुवे चल रहे थे वही भजन मंडली में शामिल लोग जय श्री राम के भजन गा रहे थे ,रैली भोजपुर नाके से सुभाष चौक पटवा बाजार,इमली स्टैंड,हॉस्पिटल रोड होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची यह एस डी एम अंकिता जैन को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ,राज्यपाल,मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सहित 15 हजार लोगों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा जिसने गोमाता को राष्ट माता घोषित करने, गो हत्या पर कड़ा कानून बनाने, गो मंत्रालय बनाने, निरक्षित गो वंश की सरकार समुचित व्यवस्था करने से सहित अन्य मांगे शामिल थीं।

**खबर संक्षेप**

## कोलीपुरा में दो दिवसीय श्री नरसिंह चरित्र कथा का आयोजन

**सीहोर।** सीहोर के कोलीपुरा स्थित श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर में चल रही दो दिवसीय श्री नरसिंह चरित्र कथा में ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान नरसिंह की महिमा का वर्णन किया। आचार्य हर्षित शास्त्री ने बताया कि भगवान नरसिंह के प्राकट्य का मूल कारण भक्त प्रह्लाद की रक्षा और अधर्म का नाश करना था। कथा के दौरान भगवान नरसिंह के नौ रूपों का विस्तार से वर्णन किया गया तथा उनकी उपासना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि भगवान नरसिंह की पूजा करने से भय, संकट और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा भक्त को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही, नरसिंह मंदिर की प्रतिष्ठा और सेवा का विशेष फल बताया गया। मंदिर में झाड़ू लगाने जैसी साधारण सेवा भी अत्यंत पुण्यदायी मानी गई है। इस संदर्भ में रेवत नामक एक कथा सुनाई गई, जिसमें रेवत ने अनजाने में खंडहर पड़े नरसिंह मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई की और दीपदान किया। इस सेवा से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे अगले जन्म में राजा का पद प्रदान किया तथा अंततः उसे अपने धाम में स्थान दिया। कथा में आगे बताया गया कि भगवान नारायण के नाम जप और तपस्या के प्रभाव से महर्षि मार्कंडेय ने मृत्यु पर विजय प्राप्त की। इसके साथ ही भगवान वराह के प्राकट्य की कथा भी सुनाई गई, जिसमें उन्होंने हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी का उद्धार किया।

### नगर के प्रमुख चौराहों पर रखवाई गईं पानी की ठेलें

# भीषण गर्मी में बेजुबानों का सहारा बनी नपा, चौक-चौराहों पर की पानी की व्यवस्था

सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर मूक पशुओं और पशु-पक्षियों के लिए पानी की ठेले रखवाई गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश भर में सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच जहां इंसान अपने बचाव के पुख्ता इंतजाम कर रहे हैं, वहीं मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है। इसी मानवीय संवेदना को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने एक सराहनीय पहल की है। ज्ञात रहे कि नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के निर्देश पर नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर मूक पशुओं और पशु-पक्षियों के लिए पानी की ठेले रखवाई गई हैं, ताकि तपती गर्मी में कोई भी बेजुबान प्यासा न रहे। इसी तारतम्य में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की महति उपस्थिति में कॉलोनी चौराहा, बसस्टैंड, भोपाल नाका यात्री प्रतिक्षालय, भीमपुरा रोड़ स्थित यात्री प्रतिक्षालय पर जल मंदिर की स्थापना की गई। वहीं एक दर्जन सार्वजनिक स्थानों पर गौवंश के लिए पानी की ठेले भी रखवाई। इसके साथ ही पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अधीनस्थ अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि नगर के उन क्षेत्रों को चिन्हित करें जहां पशुओं का जमावड़ा अधिक रहता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल पानी की ठेले रखवाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इनमें नियमित रूप से स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना नपा की प्राथमिकता होनी चाहिए। नागरिकों से की अपील, सेवा भाव से आगे आएं नागरिक - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों से भी भावुक अपील करते हुए कहा इस भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षी पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। यह हमारा मानवीय कर्तव्य है कि हम उनके प्रति संवेदना रखें। नगरपालिका अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, लेकिन यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर की छत या द्वार पर एक पात्र में पानी रखने का संकल्प ले, तो कोई भी जीव प्यासा नहीं मरेगा।

### कार्यालय में आने वालों का भी रखा ध्यान

गर्मी के बढ़ते प्रकोप से हर कोई परेशान है, नगरपालिका में अपने छोटे-बड़े कार्यो के लिए कार्यालय में आने वाले नागरिकों को शुद्ध शीतल पेयजल प्राप्त हो सकें, इसके लिए नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा वाटर कूलर स्थापित करवाया गया है।

### आमजन ने की पहल की सराहना

नगरपालिका की इस त्वरित और संवेनशील कार्रवाई की शहरवासियों ने जमकर प्रशंसा की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बढ़ते पारे के कारण जलस्त्रोत सूख रहे हैं, ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्था होने से राहगीर नागरिकों के साथ-साथ आवारा पशुओं और गौवंश को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, जितेन्द्र बुदासा, मनीष सोनी, अरूण श्रीवास्तव, जगदीश वर्मा, संजय शर्मा, हरनाथसिंह मालवीय, अर्जुन घेंघट, बाबूलाल जाटव, सर्वेश भट्नागर, प्रियांक शर्मा, श्रवण मालवीय, जयदीप महेश्वरी, गौतम शर्मा, राकेश बागवान, दीपक मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

# मानवताः करंट से झुलसे बंदर की राहगीरों ने बचाई जान

**लौट आई बेजुबान की सांसें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अब तक आपने केवल इंसानों को दिल का दौरा पड़ने या अचेत होने पर सीपीआर देकर जान बचाते हुए सुना या देखा होगा। लेकिन मंगलवार को शहर के शुगर फैक्ट्री चौराहे पर मानवता का एक ऐसा दुर्लभ उदाहरण सामने आया, जिसने सबको हैरान कर दिया। यहां करंट से मृत समझ लिए गए एक बंदर को राहगीरों ने सीपीआर देकर नई जिंदगी दी।

बता दें भीषण गर्मी और 44 डिग्री पारे के बीच पानी की तलाश में भटक रहा एक बंदर शुगर फैक्ट्री चौराहे के पास 33 केव्ही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट इतना भीषण था कि बंदर बुरी तरह झुलस गया और बेजान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद बिजोरा निवासी राजू मालवीय, नांटू पहलवान और यातायात पुलिस के जवान उसे बेजान देख दुखी हुए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।

### बंदर पर 'सीपीआर' का सफल प्रयोग

ग्रामीण राजू मालवीय ने बताया कि बंदर की धड़कनें रुक चुकी थीं और शरीर में कोई हलचल नहीं थी। बता दें आमतौर पर लोग करंट लगने पर जानवर को मरा हुआ समझ लेते हैं, लेकिन इन देवदूतों ने बंदर को सीपीआर देना शुरू किया। उन्होंने बंदर की छोटी सी छाती पर अपनी हथेलियों से ठीक उसी तरह दबाव बनाना शुरू किया, जैसा इंसानों की जान बचाने के लिए किया जाता है।

### समय पर उपचार से धड़क उठा बेजुबान का दिल

काफी देर तक लगातार छाती को दबाने देने के बाद चमत्कार हुआ। बंदर के शरीर में हल्की हलचल हुई और उसकी थमी हुई सांसें वापस लौट आईं। होश में आने के बाद बंदर को तुरंत हल्दी वाला दूध पिलाया गया, ताकि अंदरूनी चोटों में राहत मिल सके। कुछ ही देर में मौत के मुंह से बाहर आकर बंदर सामान्य हो गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जावर के पूर्व छात्र ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**जावर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जावर के पूर्व छात्र भैया अमन ठाकुर पिता कृपाल सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस क्रम में स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, सचिव बाबूलाल पटेल, विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी, आचार्य सौभलसिंह ठाकुर ,त्रिलोक सिंह ठाकुर एवं ग्राम गऊखेड़ी के अभिभावक रतन सिंह, कमल सिंह, इंद्र धीरज सिंह एवं समस्त ग्रामवासी के साथ अमन ठाकुर का स्वागत श्रीफल शाल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव बाबूलाल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा के लिए तैयार करना ताकि समाज में अपने परिवार एवं विद्यालय का गौरव बढाया। अपने परिवार गांव क्षेत्र, राज्य ओर अपने देश का नाम रोशन किया है। सरस्वती विद्या मंदिर जावर के अनेक पूर्व छात्र भैया अमन की तरह ही अपने परिवार का नाम ऊंचा कर रहे हैं। अच्छे संस्कार और सेवा भाव से समाज में जीवन यापन करते हैं।



## मप्र विधानसभा की प्रश्न व संदर्भ समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक



**आष्टा।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा गठित की गई प्रश्न एवं संदर्भ समिति की बैठक विधानसभा भवन में समिति के कक्ष क्र 6 में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के नामित सदस्य के रूप में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए। प्रश्न एवं संदर्भ समिति जो की एक महत्वपूर्ण समिति है। यह समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए मामलों की समीक्षा करती है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य प्रश्नों की गुणवत्ता और प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करना है,और यह समय-समय पर समिति कक्ष में बैठकें करती है। प्रश्न एवं संदर्भ समिति अपनी बैठक में सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तरों की समीक्षा करती है। यह समिति विधायी कामकाज की पारदर्शिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

मो. 8770833858, 8349245522